## न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट, राठ, जनपद–हमीरपुर।
**उपस्थित– कुलदीप सिंह यादव (उ0प्र0 न्यायिक सेवा)**(JO code.UP3581)

**UPHM180032742022**

**Bail Application/ 782 / 2022**

**Case No. - 1754 / 2022**

**सरकार बनाम श्रीमती वती उर्फ राधारानी**

**एन.सी.आर. नं0–382/2021**
**मु0अ0सं0–126/2022**
**धारा–323,504 भा0दं0सं0**
**थाना–राठ, जिला हमीरपुर।**

### –निस्तारण जमानत प्रार्थना पत्र–

**15.10.2022–**

अभियोक्ता श्रीमती वती उर्फ राधारानी पत्नी वंशीधर अहिरवार की ओर से मु0अ0सं0–126/2022 अन्तर्गत धारा–323,504 भा0दं0सं0 थाना राठ जिला हमीरपुर के मामले में जमानत आवेदन प्रस्तुत किया गया तथा दौरान मुकदमा जमानत पर रिहा करने की याचना की गयी।

सुना तथा प्रपत्रों का अवलोकन किया।

प्रस्तुत मामले में अभियोक्ता आत्मसमर्पण करके न्यायिक अभिरक्षा में है। आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल है। प्रस्तुत मामला एन0सी0आर0 पर आधारित है। अभियोक्ता के ऊपर मारपीट व गाली गलौच करने का आरोप है। अभियोक्ता द्वारा कारित अपराध जमानतीय है। अतः मामले के तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये अभियोक्ता को जमानत पर रिहा किये जाने का पर्याप्त आधार है।

**आदेश**

अभियोक्ता श्रीमती वती उर्फ राधारानी पत्नी वंशीधर अहिरवार द्वारा प्रस्तुत जमानत आवेदन स्वीकार किया जाता है। अभियोक्ता द्वारा मु0–20,000/–रूपये का व्यक्तिगत बंधपत्र एवं समान राशि की दो प्रतिभू दाखिल करने पर दौरान मुकदमा जमानत पर रिहा किया जाता है।

दिनांक–15.10.2022

न्यायिक मजिस्ट्रेट,
राठ, जनपद–हमीरपुर।

अजय

Digitally signed by Kuldeep Singh Yadav
Date: 2022.10.17 12:32:32 IST
Reason: Order
Location: Outlying Court Rath Hamirpur